समाचार

# प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन अत्यंत प्रासांगिक अभियान– कलेक्टर

## (गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता महोत्सव का हुआ महाआयोजन)




कोरबा 02 अक्टूबर 2019–कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने निगम द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन की सराहना करते हुए आज कहा है कि प्लास्टिक फ्री कोरबा का यह कैम्पेन आज का अत्यंत प्रासांगिक अभियान हैं, इस अभियान में सभी की सहभागिता व सकिय सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होने आगे कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम स्वच्छता एवं सुपोषण को अपनाएं तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें।

उक्त बातें कलेक्टर श्रीमती कौशल ने आज निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता महोत्सव के अवसर पर कहीं। 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आज स्टेडियम परिसर स्थित आडिटोरियम में स्वच्छता महोत्सव एवं मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के शुभारंभ का महाआयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर आयोजन का शुभारंभ कराया, इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.जयवर्धन, आयुक्त श्री राहुल देव एवं वन मण्डलाधिकारी श्री रघुनाथन, अपर आयुक्त अशोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने आगे कहा कि आज 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया गया है, इसके साथ ही इस आडिटोरियम में स्वच्छता महोत्सव व मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होने कहा कि गर्भवती माताओं एवं बच्चों को सुपोषित करना हम सभी का परम दायित्व है, हमें पूरी निष्ठा के साथ इस दिशा में कार्य करना होगा। उन्होने आगे कहा कि निगम द्वारा संचालित प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन अत्यंत सराहनीय कदम है, हमें सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप

से बंद करना होगा, प्लास्टिक के बजाए हम कपड़े के थैले का उपयोग करें, इससे मानव स्वास्थ की रक्षा होगी, पर्यावरण संरक्षित होगा, नालियां बंद नहीं होगी तथा बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.जयवर्धन एवं वन मण्डलाधिकारी श्री रघुनाथन ने अपने उद्बोधन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, स्वच्छता को अपनाने, गर्भवती माताओं एवं बच्चों के सुपोषण के प्रति सतत रूप से जागरूक रहने का आह्वान किया।

<u>प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद</u>– इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि निगम द्वारा संचालित किए जा रहे प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान को बहुत अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा हैं, दिन प्रतिदिन काफी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं, आज के इस कार्यक्रम में भी काफी संख्या में नागरिक आए हुए हैं, निश्चित रूप से हम सभी के सहयोग से प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने में सफल होंगे, कोरबा को सुंदर बनाने में सफलता प्राप्त करेंगे। इस मौके पर उन्होने आगे कहा कि आज का दिन बहुत शुभ दिन है, हम सब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के पदचिन्हों पर चलें, उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें तथा समाज व देश को आगे बढ़ाने में अपना दायित्व निभाएं।

<u>कलेक्टर ने दिलाया संकल्प</u>– समारोह के दौरान कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत जिले एवं राज्य को कुपोषण व एनीमिया से मुक्त करने, गर्भवती महिलाओं व बच्चों को सुपोषित करने, मुख्यमंत्री जी के स्वच्छ छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न कर कोरबा को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प उपस्थित नागरिकों को दिलाया।

<u>सुपोषण किट का किया गया वितरण</u>– समारोह के दौरान कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का शुभारंभ किया तथा इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं व बच्चों को सुपोषण किट का वितरण किया। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने इस मौके पर कहा कि जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अभी कटघोरा विकासखण्ड में संचालित किया जा रहा था, जिसे विस्तारित करते हुए अब जिले के सभी विकासखण्डों में यह अभियान चलाया जाएगा तथा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को सुपोषित आहार मिले यह सुनिश्चित किया जाएगा।

<u>पी.एम.ए.वाई. हितग्राहियों को किया गया सम्मानित</u>– प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निगम द्वारा आवास निर्माण के संबंध में किए जा रहे कार्यो तथा इस योजना की विस्तार से जानकारी उप अभियंता आकाश अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत की गई तथा इस योजना के बी.एल.सी. घटक मोर जमीन–मोर मकान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार आवास निर्माण में सहयोग के लिए सी.एल.टी.सी. जितेश राठौर व हर्ष छत्रवाणी तथा पी.एम.सी. कौशल साहू, प्रमोद देवांगन व विजय साहू को भी पुरस्कृत किया गया।

<u>प्लास्टिक फ्री कैम्पेन व स्वच्छता में सहयोग हेतु सम्मान</u>– समारोह के दौरान प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में सहयोग देते हुए कपड़े के थैले निर्माण व माडल प्रस्तुत करने के लिए सामुदायिक संगठकों व महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्लास्टिक फ्री कोरबा से जुड़े स्वच्छाग्राहियों, संगठनों, छात्र–छात्राओं एवं नागरिकों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में अभिनेत्री हुमा खान से कैम्पेनिंग प्राप्त करने हेतु श्रीमती कविता तिवारी को सम्मानित किया गया।

<u>किए गए विभिन्न आयोजन</u> –समारोह के दौरान अग्रसेन कन्या महाविद्यालय एवं एम.एल.सी. कम्प्यूटर कालेज की छात्र–छात्राओं के द्वारा प्लास्टिक फ्री कोरबा थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, इसी प्रकार राज पटेल शास.स्कूल कोरबा एवं अन्य के द्वारा गायन तथा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, बिसु ठाकुर तथा छत्तीसगढ़ हेल्थ एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 का प्रेजेंटेशन भी इस मौके पर दिया गया तथा मिशन क्लीन सिटी के तहत सफाईमित्रों को वर्दी व सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए।

<u>छात्र–छात्राओं ने बनाई सुंदर रंगोली</u>– समारोह के दौरान महाविद्यालय एवं स्कूल की छात्र–छात्राओ ने आडिटोरियम परिसर में प्लास्टिक फ्री कोरबा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य विषयों पर सुंदर रंगोली एवं पेंटिंग बनाई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया तथा रंगोली व पेटिंग की प्रशंसा करते हुए छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया, उनके प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर विभिन्न दृश्य, श्रब्य माध्यमों से प्लास्टिक फ्री कोरबा थीम आधारित क्रियाकलापों की जानकारी दी गई।